राज्यपाल सचिवालय

राजभवन, जयपुर

राज्यपाल श्री बागडे ने दि खामगांव अर्बन को-ऑप बैंक की नवीन शाखा का लोकार्पण किया

जयपुर, 26 फरवरी। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले के जलगांव जामोद में दि खामगांव अर्बन को-ऑप बैंक लि. खामगांव की नई शाखा का लोकार्पण किया।

राज्यपाल श्री बागडे ने इस दौरान सहकारिता के अंतर्गत ऐसे बैंको की महती भूमिका बताते हुए कहा कि 'विकसित भारत' के संकल्प हेतु युवाओं को वित्त प्रदान कर आत्म निर्भर बनाने की दृष्टि से ऐसे बैंको का योगदान विशेष रूप से है।

राज्यपाल श्री बागडे ने संत गजानन महाराज की तपोस्थली पहुंचकर उन्हें नमन किया, शिक्षाओं से प्रेरणा लेने का आह्वान किया

जयपुर, 26 फरवरी। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे बुधवार को महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले के शेगांव स्थित गजानन महाराज की तपोस्थली पहुंचे।

दत्तात्रेय परंपरा के भारतीय गुरु और संत गजानन महाराज को नमन करते हुए उन्होंने उनकी शिक्षाओं से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।